कार्यालय पुलिस अधीक्षक

उ0प्र0 सरकार पुलिस विभाग, सम्भल

वित्तीय वर्ष–2020–2021 में जनपद सम्भल के पुलिस कार्यालय/थानों में समस्त लेखन सामग्री की आपूर्ति किये जाने हेतु निम्न शर्तों के आधार पर दिनांक 15.06.2019 को निविदायें आमन्त्रित की गयी थी, परन्तु समय से स्टेशनरी विक्रेता के उपस्थित न होने के कारण निविदा की कार्यवाही पूर्ण न हो सकी।

अतः लेखन सामग्री की आपूर्ति हेतु निर्धारित शर्तों के आधार पर दिनांक30–06–2020 को निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा की शर्ते निम्नवत है:–

1– टेण्डर के साथ फर्म द्वारा अपनी कुटेशन संलग्न की जायेगी।

2– आपूर्ति फर्म को टेण्डर स्वीकृति से पूर्व प्रत्येक सामान का सैम्पल कार्यालय को उपलब्ध कराना होगा।

3– निविदा स्वीकृत करते समय न्यूनतम कोटेशन के अतिरिक्त सामग्री की क्वालिटी के आधार पर स्वीकृत किया जायेगा।

4– प्रस्तुत की गई निविदा के फर्म को प्रत्येक सामग्री का ब्राण्ड अंकित करना होगा एवं कोटेशन में दर्शायी गई ब्राण्ड/कम्पनी के अनुसार ही सामग्री की आपूर्ति करनी होगी।

5– पुलिस अधीक्षक सम्भल को निविदा स्वीकृत करने एवं अस्वीकृत करने का अधिकार होगा। पुलिस अधीक्षक सम्भल के निर्णय के विरूद्ध किसी भी फर्म को किसी भी न्यायालय के समक्ष वाद दायर करने का अधिकार नही होगा।

6– निविदा फार्म के लिफाफे के ऊपर कार्य का नाम/पता/फोन न0 अंकित होना चाहिए।

7– निविदा फार्म का मूल्य 200/–रूपये है पुलिस कार्यालय सम्भल से प्राप्त कर निर्धारित अवधि के अन्दर पुलिस अधीक्षक सम्भल के कार्यालय में समय 12.00 बजे तक जमा होगा जो उसी दिन दोपहर 14.00 खोला जायेगा। निविदा दाताओं को आयकर/बिक्रिकर का प्रमाण पत्र निविदा फार्म प्राप्त करते समय जमा करना होगा। किसी भी निविदा का स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार पुलिस अधीक्षक सम्भल के पास सुरक्षित है।

8– सम्बन्धित फर्म (जिसकी निविदा अन्तिम रूप से स्वीकृत होगी) से सही प्रकार से कार्य करने संबंधी इस आशय का अनुबन्ध–पत्र भरना होगा कि निविदा स्वीकृत की तिथि से वित्तिय वर्ष की समाप्ति तक लेखन सामग्री मांगपत्र के अनुसार तत्काल उपलब्ध करानी होगी तथा उसमें यह भी अंकित करना होगा कि दिये गये सेम्पल/मानक के अनुसार सामग्री न होने पर उसका टेण्डर निरस्त किये जाने पर फर्म/ठेकेदार को कोई आपत्ति नही होगी।

9– निविदा फार्म जमा करते समय 50,000–00 रूपया सिक्योरिटी मनी जमा करनी अनिवार्य होगी। खराब सामग्री आपूर्ति होने के दशा में उक्त सिक्योरिटी मनी जब्त कर ली जायेगी।

10– निविदा हेतु टेण्डर फार्म दिनांक 29.06.2020 से प्रातः 10 बजे से सांय 05.00 बजे तक पुलिस कार्यालय सम्भल से रू0 200/–जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।

11– पी0आर0 सैल को सूचनार्थ एवं दैनिक समाचार पत्र में छपवाये जाने हेतु।

पत्रांकः–ल–61/2020

दिनांक–26.06.2020

पुलिस अधीक्षक

जनपद–सम्भल।

प्रतिलिपि

1– अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन बरेली को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

2– पुलिस महानिरीक्षक मुरादाबाद परिक्षेत्र मुरादाबाद को सादर सूचनार्थ प्रषित।

3– अपर पुलिस अधीक्षक / क्षेत्राधिकारी नगर/लाइन को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

4– प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाईन सम्भल को आवश्यक कार्यवाही हेतु।

5– पीआर सैल को सूचनार्थ एवं इस निर्देश के साथ कि वह निम्न विज्ञापन को किन्ही दो दैनिक समाचार पत्रों (अमरउजाला एवं दैनिक जागरण) में राजकीय दर पर प्रकाशित कराकर उनके बिल आंकिक शाखा में भुगतान हेतु उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें।

6– आंकिक को आवश्यक कार्यवाही हेतु।

7– दफ्तरी को नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराने हेतु।

8– कमल स्टेशनर्स बहजोई/प्रेमप्रिटिंग पेस बबराला एवं के0पी0एस0सी0 मैथरा आलपुर बहजोई जनपद सम्भल

9– वरिष्ठ/पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद/बरेली/अमरोहा/रामपुर/सम्भल/पीलीभीत/शाहजहांपुर/मेरठ/मुजफ्फरनगर/सहारनपुर/गाजियाबाद/गौतमबुद्धनगर/बुलन्दशहर/अम्बेडकरनगर/अलीगढ/आगरा/आजमगढ़/इटावा/प्रयागराज/उन्नाव/एटा/कानपुरनगर/कानपुरदेहात/लखीमपुरखीरी/गाजीपुर/गोण्डा/जौनपुर/गोरखपुर/कुशीनगर/प्रतापगढ/फतेहपुर/फरूर्खाबाद/बलरामपुर/मथुरा/फिरोजाबाद/फैजाबाद/बहराइच/बलिया/बस्ती/बदायूँ/बाराबंकी/बांदा/बलरामपुर/मथुरा/मऊ/महाराजगंज/मिर्जापुर/मैनपुरी/रायबरेली/ललितपुर/लखनऊ/वाराणसी/सिद्धार्थनग/सीतापुर/सुल्तानपुर/सोनभद्र/हमीरपुर/औरैया/कन्नौज/चित्रकूट/सन्तरविदासनगर/कांशीरामनगर/चन्दौली/कौशाम्बी/महोबा/महामायानगर/श्रावस्ती/को सूचनार्थ एवं व्यापक प्रचार प्रसार करने हेतु।

Scanned by CamScanner